# लाल समझाए ले मैया है नटखट तेरो कन्हैया लिरिक्स

लाल समझाए ले मैया,
है नटखट तेरो कन्हैया,
आज मोहे छेड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री,
आज मोहे छेड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री।bd।

---

झटकी चुनरिया लचका,
गयो है कमरिया,
मांगे दधि को दान कान्हा,
बिच ही डगरिया,
श्याम ने आय के घेरी,
कलाई पकड़ी मेरी,
बहियाँ मरोड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री,
आज मोहे छेड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री।bd।

---

चोरी चोरी करे घर घर छेला,
नेक लाज आवे ना,
सिर पे चढायो तेने,
नेक समझावे ना,
सांवरो गिरवर धारी,
चोर है मदन मुरारी,
सजन चित चोर गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री,
आज मोहे छेड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री।bd।

---

बांकी अदा पे लूट गई,
मैं तो श्याम प्यारे की,
दिल में बसी सुरतिया,
तेरे कनुवा कारे की,
रही ना सुध बुध तन की,
दशा ऐसी भई मन की,
तड़पती छोड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

लाल समझाए ले मैया,
है नटखट तेरो कन्हैया,
आज मोहे छेड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री,
आज मोहे छेड़ गयो री,
मटुकिया फोड़ गयो री।bd।

**Singer – Shri Devkinandan Thakur Ji**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com